तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार, 26 मार्च 2025



10 छात्राओं ने देशभक्ति के गीत गाकर समां बांधा





10 रेजांगला नाटक का प्रभावशाली मंचन







N N Sharma
Director

शिक्षा – संस्कार – सुरक्षा – सफलता

WOODSTOCK PUBLIC SCHOOL

WOODSTOCK PUBLIC SCHOOL JIND

ADMISSION OPEN

Nur. to XII (Art/Commerce/Science)


Focus on Practicals

Strong Dedicated Teachers Team

Door to Door Transport

Indoor & Outdoor Sports

GOHANA ROAD ASHRAFGARH JIND Contact: 9896561677, 8053011129



Sukeerti Sharma
Principal


## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल के साथ एक युवक गिरफ्तार

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ पुलिस ने एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से अवैध पिस्तौल बरामद किया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि नए बस अड्डे के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है।

### ढुंढवा में आयोजित होगा रात्रि प्रवास कार्यक्रम आज

**कैथल।** अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबू लाल करवा ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से 26 मार्च को दोपहर बाद 2 बजे कलायत खंड के गांव ढुंढवा में रात्रि प्रवास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें सभी विभागों द्वारा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। इस कैंप में अधिकारियों द्वारा आमजन की शिकायतें की सुनी जाएंगी।

### दीवार में सुराख कर दुकान से नकदी चोरी

**जींद।** गांव बधाना में बीती रात चोरों ने हलवाई की दुकान में सेंधमारी कर 10 हजार की नगदी को चोरी कर लिया। अलेवा थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बधाना निवासी रणबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव में चौपाल के निकट हलवाई की दुकान चलाए हुए है।

### चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** जिला पुलिस ने चोरी के मामलों में 6 आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पहले मामले में एंटी व्हीकल स्टाफ के एसआई जयभगवान की टीम द्वारा आरोपी गांव बालु निवासी अमरजीत को गिरफ्तार कर लिया गया। जो गांव रोहेडियां निवासी सतपाल सिंह की शिकायत अनुसार 3 जून 2021 को पुरानी अनाज मंडी में खड़ी उसकी बाइक को अज्ञात चोरी कर ले गया था।

### नागरिक अस्पताल के क्वार्टर से आभूषण चोरी

**जींद।** नागरिक अस्पताल के कर्मचारी क्वार्टर गेट पर लगी कुंडी को बीती रात चोरों ने उखाड़ कर सोना व चांदी के जेवरात तथा साढ़ 41 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रोहतक निवासी आशीष ने पुलिस को शिकायत दी है।

### लाखों की धोखाधड़ी के मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** एक महिला से सोशल मीडिया पर दोस्ती कर उसकी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले की जांच थाना साइबर क्राइम प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु की अगुवाई में एसआई सुरेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी जिला जींद के डाहोला निवासी सोनू को गिरफ्तार कर लिया गया।

### बाप-बेटे पर हमला कर बीस हजार रुपये छीने

**जींद।** गांव भंभेवा में तीन युवकों ने पिता व पुत्र पर हमला कर घायल कर दिया। शिकायत के आधार पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव भम्भेवा निवासी राजपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव में खाने का प्रोग्राम किया हुआ था।

### चेयरपर्सन की अध्यक्षता में नगर परिषद हाउस की बैठक

# शहर के विकास कार्यों के लिए 86.46 करोड़ का बजट पारित

## बैठक में बजट को लेकर सभी पार्षदों ने सहमति जताई

### पार्किंग के लिए भी स्थल का टेंडर छोड़कर इनकम की जाए

हरिभूमि न्यूज. कैथल

नगर परिषद कार्यालय में हाउस की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने की। बैठक में नप के कार्यकारी अधिकारी दीपक कुमार, एओ राजेंद्र सिंह, एमई सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सभी पार्षदों की सहमति से विकास कार्यों को लेकर बजट पास किया। बजट करीब 86 करोड़ 46 लाख 15 हजार रुपये का पास किया गया है। इस बजट को लेकर सभी पार्षदों ने सहमति जताई हुए वार्डों के लिए भी अलग से बजट रखने का प्रस्ताव रखा। वहीं वार्ड नंबर 28 से पार्षद मोहन लाल, वार्ड नंबर 25 से पार्षद विनस गुप्ता, वार्ड नंबर चार से पार्षद महेश गोगिया ने कहा कि उनके वार्ड में टेंडर नहीं ल गाए जा रहे हैं, उन्होंने हाउस में उनके वार्ड में टेंडर लगाने की बात रखी। किराया पर दुकानों को देकर की जाए इनकम वार्ड नंबर 29 से पार्षद राज सैनी, वार्ड नंबर 20 से पार्षद रिंकू सैनी, वार्ड नंबर 23 से पार्षद लीलू सैनी, वार्ड नंबर 17 से पार्षद प्रवेश शर्मा, वार्ड नंबर 14 से पार्षद दीपक शर्मा ने कहा कि नगर परिषद ने ग्यारह रुद्री मंदिर के सामने दुकानें बनाई हुई है, ये दुकानें खाली है, जबकि दुकानें काफी बड़ी-बड़ी हैं। इन दुकानों को किराया पर नहीं दिया जा रहा है। दुकानों की बोली करवाकर किराया पर दिया जाना चाहिए, ताकि नगर परिषद को इनकम हो। दुकानें खाली होने के कारण खंडहर हो रही है, जिन पर हर साल रिपेयर के नाम पर लाखों रुपये खर्च हो रहा है। वहीं पार्किंग के लिए भी स्थल का टेंडर छोड़कर इनकम की जाए। इसके साथ-साथ विज्ञापन साइटों को भी एजेंसी को देकर टेंडर छोड़ा जाए, ताकि नगर परिषद को इनकम हो सके।



**कैथल।** नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग पार्षदों की बैठक लेते। *फोटो :हरिभूमि*

#### अधिकारियों को निर्देश

नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग सुरभि गर्ग ने बताया कि शहर के विकास कार्यों को लेकर वर्ष 2025-26 के लिए बजट पारित कर दिया है। 86 करोड़ 46 लाख रुपये का बजट पास किया गया है। इस बैठक में वार्डों के पार्षद सहित अधिकारीगण मौजूद रहे। पिछले साल की अपेक्षा इस बार करीब चार करोड़ रुपये का बजट ज्यादा का रखा गया है। वहीं पार्षदों ने जो सुझाव दिए हैं, उन्हें नोटिस किया गया है, इस पर अमल करने के लिए अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य हो रहें, किसी भी पार्षद के साथ कोई भेदभाव नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिन दुकानों को अब तक किराया पर नहीं दिया हआ है, उन्हें किराया पर देने के लिए अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

# डीसी से मांगी इच्छा मृत्यु की इजाजत

## फाइनेंसरों के खिलाफ छह माह बाद भी कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

समाधान शिविर में शिवपुरी कालोनी निवासी एक परिवार ने अर्जी लगाकर इच्छा मृत्यु की इजाजत मांगी है। इस मामले में पीड़ित परिवार जिला पुलिस की जांच की कार्रवाई से नाराज है और पिछले छह महीने में कोई कार्रवाई नहीं होने से परेशान है। गौरतलब है कि 30 सितंबर 2024 को शिवपुरी कॉलोनी निवासी मोहित ने फाइनेंसरों से तंग आकर फांसी का फंदा लगा आत्महत्या कर ली थी। मामले में मृतक मोहित के भाई सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में कहा था कि उसके भाई मोहित ने जुलानी रोड निवासी शिलो से आठ लाख रुपये उधार लिए थे। शिलो के पैसे लौटाने के लिए मोहित ने अलग-अलग लोन वाली कंपनियों से पैसे उठाए। आखिर में मोहित पैसे चुकाने में नाकाम रहा और फाइनेंसरों की प्रताड़ना से तंग आकर दुकान में फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। मोहित के पास से सुसाइड नोट मिला। जिसमें मौत के जिम्मेवार परवेश सरोहा, शिलो, उज्जीवन कंपनी के अनिकेत, श्री श्याम प्रापर्टी के सचिन गोलू, सतीश, सुनील, अमित शाहपुर, पाला नर्सी को बताया है। पुलिस ने इस मामले में सभी आरोपितों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर लिया था लेकिन अब इस मामले को छह महीने बीतने को है लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। मंगलवार को इसी को लेकर पीड़ित के परिजन उपायुक्त दरबार पहुंचे थे।



डीसी-एसपी से मिलने आया परिवार।

#### जांच जारी

शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मनीष कुमार ने बताया कि इस मामले में पुलिस की जांच चल रही है और जांच पूरी होते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।





### इंडस स्कूल को आरआईडीएस की मंजूरी मिली

**कैथल।** इंडस स्कूल को एक और उपलिब्ध हासिल हुई है। स्कूल में उच्च मानकों को बनाए रखने और आवश्यक आवश्यकताओं के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय आयाम की मान्यता (आरआईडीएस) की मंजूरी मिली है। इस उपलिब्ध पर आरआईडीएस ने स्कूल स्टाफ को उपलिब्ध पर बधाई दी। मंजूरी से पहले स्कूल की फाइल की समीक्षा की गई, जिसमें स्कूल हर पैमाने परखरा उतरा। यह मंजूरी मील का पत्थर है, और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बनाए रखने के लिए संस्थान की उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आरआईडीएस उन स्कूलों का सम्मान करता है जो अपने पाठ्यक्रम में वैश्विक दृष्टिकोण को शामिल करते हैं, अंतर-सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देते हैं और छात्रों को वैश्विक रूप से जुड़ी दुनिया के लिए तैयार करते हैं।

### कैंटर की टक्कर से बाइक चालक की मौत, एक घायल

**सफीदों।** नगर के हाट रोड पर एक कैंटर ने बाईक को टक्कर दे मारी। इस टक्कर में एक बाईक सवार की मौत व एक घायल हो गया। मृत्तक की पहचान राणा खेड़ी निवासी रामफल (65) व घायल की पहचान गांव बागडू निवासी बलजीत (52) के रूप में हुई है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। वहीं राहगीर दोनों घायलों को सफीदों के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां से डाक्टरों ने दोनों को प्राथमिक उपचार देकर पीजीआई खानपुर रैफर कर दिया। जहां पर ईलाज के दौरान बाईक चालक रामफल की मौत हो गई। पुलिस ने घायल बलजीत के ब्यान पर मामला दर्ज करके जांच आरंभ कर दी है। पुलिस को ब्यान में घायल बलजीत ने कहा कि 2 मार्च की सायं वह रामफल के साथ बाईक पर सफीदों से अपना-अपना काम निपटाकर घर जा रहे थे।

# पूंडरी में अवैध पटाखा फैक्ट्री पकड़ी

## सीएम फ्लाइंग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

- छापेमारी के दौरान मकान से 110 पेटियों में पटाखे भरे हुए मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

सीएम फ्लाइंग और पूंडरी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए पूंडरी में एक अवैध पटाखा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इस फैक्ट्री में बिना लाइसेंस के खतरनाक विस्फोटक सामग्री से पटाखे बनाए जा रहे थे, जिससे क्षेत्र में बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई थी। सीएम फ्लाइंग को गुप्त सूचना मिली थी कि दीपक पुत्र कंवरभान निवासी पाई रोड गली नं. 9, पूंडरी ने वार्ड नं. 16, इंद्रा कॉलोनी में किराए पर मकान लिया हुआ है और वहां अवैध रूप से पॉप चटर पटर नामक पटाखे बना रहा है। सूचना मिलते ही फ्लाइंग टीम ने थाना पूंडरी पुलिस के साथ मिलकर मौके पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान मकान से 110 पेटियों में पटाखे भरे हुए मिले। इसके अलावा, प्लास्टिक के कट्टों में चटर पटर पटाखे बनाने के लिए ज्वलनशील विस्फोटक सामग्री भी पाई गई। मौके पर मौजूद टीम ने जब जांच की तो पाया कि इस अवैध फैक्ट्री के पास किसी भी प्रकार का लाइसेंस नहीं था। मौके पर सीएम फ्लाइंग के एसआई सतपाल सिंह, फायर ब्रिगेड से गुरमेल सिंह और थाना प्रभारी रमेश कुमार अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। पुलिस ने तुरंत सभी पटाखे और विस्फोटक सामग्री को जब्त कर लिया और आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।



#### हादसे का भय

बिना किसी सुरक्षा मानकों के इस तरह के विस्फोटक पदार्थों का निर्माण और भंडारण बेहद खतरनाक था। यदि समय रहते पुलिस कार्रवाई न करती, तो यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता था।

# किसी सूरत में खंभों पर मीटर नहीं लगने देंगे

## गांव मांडी के ग्रामीणों ने बिजली निगम के खिलाफ नारेबाजी कर जताया रोष

- लोगों ने अपना मांग पत्र बिजली निगम के कर्मचारी को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मंगलवार को मांडी कलां गांव में घरों के बाहर खंबों पर लगने वाले बिजली के मीटरों के विरोध करने के लिए मांडी कलां के ग्रामीण बिजली निगम कार्यालय पहुंचे। यहां पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रोष प्रकट ग्रामीणों ने किया। गांव के लोगों ने अपना मांग पत्र बिजली निगम के कर्मचारी को सौंपा। रिषिपाल ने कहा कि कहा कि कुछ दिन पहले गांव में घरों से मीटर उखाड़ कर बाहर खंबों पर लगाने के लिए गए थे। ग्रामीण उसके विरोध में एकत्रित हुए है। जब काफी सालों से मीटर घरों में अंदर लगे हुए है। मीटर रिडिंग सही दे रहे हैं, बिल सही आ रहा है तो अब मीटरों में क्या ऐसी खराबी आ गई है कि घरों के बाहर खंबों पर मीटर लगा रही है। जो स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है उसका ग्रामीण विरोध करते है। इसको लेकर पूरा गांव एकजुट है। जो सरकार निजीकरण करना चाहती है वो मंशा सरकार की गलत है। ग्रामीण किसी सूरत में खंबों पर मीटर नहीं लगने देंगे। बलजीत ने कहा कि बिजली निगम की टीम बीते दिनों मीटरों को घरों के बाहर खंबे पर लगाना चाहती है। पचास प्रतिशत से अधिक मीटर पहले ही बाहर दीवारों पर लगे हुए है। उन मीटरों को अब खंबों पर लगाना चाहती है जिसका पूरा गांव विरोध करता है। 25 प्रतिशत तक भी लाइन लॉस गांव में नहीं है।



**जींद।** बिजली निगम कार्यालय में नारेबाजी करते ग्रामीण। *फोटो :हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

गांव के 95 प्रतिशत ग्रामीण बिजली का बिल भरते है। पहले कब आबादी वाले गांव में ये शुरूआत की गई है। नरवाना के बद्दोवाला, बेलरखां गांव में इस तरह से मीटर लगाने का विरोध ग्रामीणों ने किया था। जिस तरह से गांव में चल रहा है वैसे गांव के लोग चाहते है। गांव को जगमग योजना नहीं चाहिएए न ही गांव के लोगों को स्मार्ट मीटर चाहिए। खंबों पर मीटर नहीं लगने दिए जाएंगे। गांव के लोगों को ये फैसला है। इस मौके पर गुलाब सिंह, दलशेर, बलजीत, राजेश, बीरेंद्र, गुरूदेव, प्रताप सिंह मौजूद रहे।

**राहत** यात्रियों को आधा घंटे ज्यादा बस में करना पड़ रहा था सफर

# दातासिंह वाला बॉर्डर से पटियाला रूट की बसों का सीधा आवागमन 13 माह बाद शुरू

- बसों का भी अपडाउन में सात से आठ लीटर ज्यादा डीजल लग रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

किसान आंदोलन के चलते बंद पड़ा खनौरी-दातासिंह वाला बॉर्डर खुल गया है। ऐसे में 13 माह बाद दातासिंह वाला बॉर्डर से पटियाला रूट की बसों का सीधा आवागमन शुरू हो गया है। ऐसे में यात्रियों के आधा घंटा समय की बचत होगी। किसान आंदोलन के चलते पिछले साल फरवरी माह के बाद से दातासिंह वाला.खनौरी बॉर्डर को बैरिकेडिंग लगाकर सील कर दिया था। बैरिकेडिंग के कारण बसों को नेपेवाला और हंसडैहर डायवर्ट करते खनौरी के रास्ते संगरूरए लुधियाना और पटियाला के लिए भेजा जा रहा था। जबकि पहले बस दातासिंह वाला से सीधे खनौरी होती हुई जाती थी। डायवर्ट रूट से बसों को दातासिंह वाला से खनौरी जाते समय दस किलोमीटर अधिक दूरी तय करनी पड़ रही थी। इस कारण यात्रियों को अपने निर्धारित स्थान पर जाने में लगभग आधा घंटा ज्यादा समय लग रहा था और बसों का भी अपडाउन में सात से आठ लीटर ज्यादा डीजल लग रहा था। दातासिंह वाला-खनौरी बॉर्डर से अगर बस पटियाला के लिए जाने पर लगभग सवा तीन घंटे में बस पटियाला पहुंच जाती है। जबकि डायवर्ट रूट के चलते यात्रियों को पटियाला पहुंचने में लगभग पौने चार घंटे समय लग रहा था। जींद से पटियाला के लिए सुबह साढ़े पांच बजे, 6 : 20 , 7 : 50, 11 बजकर 18 मिनट आर दोपहर बाद चार बजकर 20 मिनट पर बस चलती है। इसके अलावा लुधियाना के लिए साढ़े 12 बजकर 35 मिनट और दोपहर दो बजकर 10 मिनट पर बस चलती है। इसके अलावा सुबह पांच बजकर 50 मिनट पर जम्मू कटरा और नौ बजकर 20 मिनट पर अमृतसर के लिए बस चलती है। ऐसे में अब यात्रियों को 13 माह बाद राहत मिली है।

#### निर्धारित रूट से चल रही बसें

रोडवेज के डीआई रामफल शर्मा ने बताया कि पहले डायवर्ट रूट से बस चल रही थी तो यात्रियों को भी निर्धारित स्थान पर जाने में आधा घंटा ज्यादा समय लग रहा था और बसों के डीजल की भी ज्यादा खपत हो रही थी। दातासिंहवाला खनौरी बॉर्डर पर बैरिकेडिंग हटा ली गई है। अब बस सीधे निर्धारित रूट से चल रही है।



**कैथल।** जांच व पूछताछ करते पुलिसकर्मी। *फोटो :हरिभूमि*

#### पुलिस ने सर्च आपरेशन चलाया

**कैथल।** मंगलवार की सुबह एसएचओ थाना पूंडरी इंस्पेक्टर रमेश कुमार, एसएचओ थाना गुहला एसआई रामपाल, एसएचओ कलायत एसआई जयभगवान की अगुवाई में 10 पुलिस टीमों में शामिल करीब 150 पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा थाना पूंडरी, कलायत व गुहला क्षेत्र में सर्च आपरेशन चलाया गया। जिसके तहत नशा तस्करो का पुराना रिकॉर्ड व गुप्त सुचना के आधार पर 150 संदिग्ध घरो की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छिपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला या अपराधीक कार्य करने वाला गैर कानूनी तरीके से न रहता हो। एसपी राजेश कालिया ने बताया कि कैथल पुलिस लगातार नशा तस्करों का पुराना रिकॉर्ड खंगालकर व गुप्त सूचना के आधार पर निरंतर यह कार्रवाई कर रही है।

## खबर संक्षेप

### दो किसानों के खेतों से बिजली उपकरण चोरी

**जींद।** जिले में खेतों से चोरी की वारदातों का सिलसिला जारी है। बीती रात चोरों ने दो किसानों के खेतों से कीमती बिजली उपकरणों को चोरी कर लिया। पुलिस मामलो की जांच कर रही है।गांव ढिगाना निवासी रामनिवास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके खेत से सोलर मोटर को चुरा लिया। उधर, गांव बडनपुर निवासी मनजीत ने पुलिस को शिकायत दी है।

### ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात चोरी

**जींद।** गांव कलौदा कलां में चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर लाखों रुपये कीमत के सोने व चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। घटना के दौरान परिवार के लोग खेत में गए हुए थे। सदर थाना नरवाना पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कलोदा कलां निवासी पवन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सुबह सरसों काटने के लिए खेत में गया था।

### विकास बने युवा ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष

**जींद।** युवा ब्राह्मण सभा हरियाणा कार्यकारिणी ने विकास को युवा ब्राह्मण सभा शहर निकाय जींद का अध्यक्ष मनोनित किया है। युवा ब्राह्मण सभा हरियाणा के मुख्य संरक्षक अनूप वशिष्ठ व प्रधान मोहन बोहतवाला ने बताया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव व सम्मान समारोह 26 अप्रैल को जींद में बड़ी धूमधूम से मनाया जाएगा।

### घर में घुस नाबालिक से दुष्कर्म का प्रयास

**जींद।** शहर थाना इलाके में नाबालिक लड़की के साथ अश्लील हरकत करने पर महिला थाना पुलिस ने मां व बेटे के खिलाफ अश्लील हरकत करने, मारपीट करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। शहर थाना इलाका की नाबालिक लड़की ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मोहल्ले के ही करतार सिंह ने घर में घुस कर उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। जब उसने विरोध किया तो आरोपित ने उसके साथ मारपीट की।

### राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला 28 को

**जींद।** उपमंडल नरवाना की राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य ओमपाल ने बताया कि 28 मार्च को एक दिवसीय रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में देश की कई प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। जो आईटीआई पास युवाओं के लिए सुनहरा अवसर लेकर आ रही हैं।

### त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि बढ़ी 31 मार्च तक

**जींद।** जिला कल्याण अधिकारी नरेंद्र ने छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए डा. अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के तहत दस्तावेजों में त्रुटि सुधार के लिए अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए छात्रों द्वारा एक अगस्त 2024 से 28 फरवरी 2025 तक सरल पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किए गए थे। इन आवेदनों की जांच के दौरान कुल 894 आवेदन पत्रों में दस्तावेजों से संबंधित त्रुटियां पाई गई थी।

### बकाया दिहाड़ी मांगने पर नौकर पर हमला किया

**जींद।** नए बस अड्डे के निकट मिठाई की दुकान संचालक से नौकर ने अपनी बकाया दिहाड़ी मांगी तो संचालक ने हमला कर नौकर को घायल कर दिया। जिसे उपचार के लिए पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने नौकर की शिकायत पर मिठाई की दुकान चलाने वाले व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अब विकास कार्यों को मिलेगी उड़ानः डा. संजय

**जुलाना।** कस्बे में पौने दो साल बाद शहर की सरकार अस्तित्व में आई है। ऐसे में कस्बे के लोगों को विकास की नई उम्मीद जगी है। मंगलवार को पार्षदों और प्रधान को सीएम ने शपथ दिलाई। विकास कार्यों के बारे में जब जुलाना से भाजपा के चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा से बात की तो बताया कि अब विकास तेजी से होगा।

### वर्कर्स ने विभाग की कार्रवाई पर रोष जताया

# एप पर फोटो कैप्चर के विरोध में उतरी आंगनबाड़ी वर्कर्स से मांगा स्पष्टीकरण

### वर्कर्स को दिए फोन इतने छोटे कि एप ठीक से नही चलते


साइबर क्राइम ज्यादा होने के कारण लोग ओटीपी नही बताते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

पोषण ट्रैकर एप पर सोमवार को फोटो कैप्चर के विरोध में उतरी अलेवा ब्लाक की आंगनबाड़ी वर्करों से खंड महिला एवं बाल विकास विभाग ने स्पष्टीकरण मांगा है। मामले को लेकर आंगनबाड़ी वर्करों द्वारा दो दिन में इसका जवाब खंड महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय अलेवा को देना होगा। मंगलवार को आंगनवाड़ी वर्करों ने विभाग की इस कार्रवाई पर रोष जताया है।

महिला सुपरवाइजर को सरकार के नाम सौंपे ज्ञापन में आंगनबाड़ी वर्कर सुमित्रा, अनिता, कमलेश, दर्शना देवी सहित अन्य वर्करों ने बताया कि विभाग द्वारा आंगनबाड़ी वर्कर्स को दिए गए फोन इतने छोटे हैं कि एप ठीक ढंग से काम नही करती। फोटो कैप्चर के साथ-साथ जब भी हम एप से कोई काम करते हैं तो फोन हैंग हो जाता है। यही नहीं ओटीपी के लिए परिवार के मुखिया के पास ही फोन होता है। जो फोन लेकर काम पर चले जाते हैं। इसलिए उनसे ओटीपी लेना आसान नही है। स्लम एरिया के लोग ज्यादातर अनपढ़ होने के कारण ओटीपी नही दे पाते हैं। महिलाओं की फोटो कैप्चर में पहली बार ली फोटो में चुन्नी के कारण बदलाव होने से दूसरी बार फोटो कैप्चर नही होती।

साइबर क्राइम ज्यादा होने के कारण लोग ओटीपी नही बताते। सर्वर डाउन की समस्या होने के कारण पूरा काम ब्लाक हो जाता है। जिससे कई बार एक-एक लाभार्थी के लिए दो से तीन दिन लग जाते हैं। पोषण ट्रैकर व फोटो कैप्चर वाले काम के कारण हम आंगनबाड़ी केंद्र व प्ले में आने वाले बच्चों को समय नहीं दे पाते। मामले को लेकर अलेवा ब्लॉक की आंगनबाड़ी वर्करों ने सोमवार को खंड महिला एवं बाल विकास विभाग अलेवा की महिला सुपरवाइजर को ज्ञापन सौंप कर एप का विरोध किया था।






खंड महिला एवं बाल विकास विभाग अलेवा के द्वारा आंगनबाड़ी वर्कर्स को लिखा पत्र व प्रदर्शन करते ।

#### दो दिन में देना होगा जवाब

मंगलवार को खंड महिला एवं बाल विकास विभाग अलेवा की सुपरवाइजरसरोजबाला ने बताया कि एप पर फोटो कैप्चर का विरोध कर रही ब्लाक अलेवा की आंगनबाड़ी वर्करों से मामले को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है। इसके लिए वर्करों को दो दिन का समय दिया है। समय अवधि में जवाब नहीं देने पर आंगनबाड़ी वर्करों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# रेजांगला नाटक का प्रभावशाली मंचन

- 1962 के भारत-चीन युद्ध की बहादुरी की गाथा को किया प्रस्तुत


हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों



सफीदों। नाटक प्रस्तुत करते कलाकार। फोटो :हरिभूमि

रास कला मंच के तत्वावधान में सर्पदमन नाट्य उत्सव के अंतर्गत नगर के हैलो स्कूल में पहले दिन कलाकारों ने प्रसिद्ध नाटक रेजांगला का प्रभावशाली मंचन किया गया। इस नाट्य उत्सव में विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी संजय पाहवा पानीपत ने शिरकत की।

अपने संबोधन में संजय पाहवा ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज को नई दिशा देने का कार्य करते हैं और युवा पीढ़ी को अपनी कला व संस्कृति से जोडऩे में सहायक होते हैं। नाटक रेजांगला का निर्देशन रवि मोहन ने किया। मंचन में कलाकारों ने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस नाटक के माध्यम से 1962 के भारत-चीन युद्ध में रेजांग ला पोस्ट पर सेना की 13वीं कुमाऊं बटालियन की चार्ली कंपनी की बहादुरी की गाथा को प्रस्तुत किया गया। मु_ी भर सैनिकों की टुकड़ी चीनी सेना को कड़ी टक्कर देते हुए इस पोस्ट को बचाने में सफल रही थी। इस संघर्ष में चार्ली कंपनी के 110 वीर जवानों ने अपने प्राणों की बाजी लगा दी थी। नाटक के माध्यम से बताया गया कि रेजांग ला की शौर्य गाथा देश के इतिहास का वह स्वर्णिम अध्याय है, जिसे याद करते हुए हर देशवासी का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। कार्यक्रम में भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।



नरवाना। समस्याएं सुनते हुए एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

#### समाधान शिविर में सुनी समस्याएं

**नरवाना।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार व डीसी मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया गया। मगंलवार को एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में आयोजित समाधान शिविर में कुल 3 शिकायतें प्राप्त हुईंए जिनमें से नगर परिषद से संबंधित एकए पुलिस विभाग से संबंधित एक तथा तहसील से संबंधित एक शिकायत प्राप्त हुई। शिकायतों के त्वरित निपटान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। एसडीएम जगदीश चंद्र ने कहा कि समाधान शिविर हरियाणा सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम हैए जो जनता और सरकार के बीच सेतु का काम करने में सहायक है।

### दिखाया ईमानदारी का परिचय गुम पर्स पुलिस को लौटाया

**नरवाना।** नरवाना बस स्टैंड पर एक व्यक्ति का पर्स गुम हो गया जिसे एक अनजान व्यक्ति ने ईमानदारी का परिचय देते पुलिस चौकी में जमा करवा दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते दस्तावेजों की जांच कर पर्स के असली मालिक से संपर्क किया और उसे सुरक्षित लौटा दिया। ट्रैफिक पुलिस में तैनात भीम सिंह ने बताया कि पवन कुमार निवासी भगवानपुरा का पर्स बस स्टैंड के पास गिर गया था। इसमें 3000 से 4000 नकद और कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज मौजूद थे। गनीमत रही कि सजग नागरिक को यह पर्स मिला जिसने बिना किसी लालच के इसे बस स्टैंड स्थित पुलिस चौकी में जमा करवा दिया। पुलिस ने दस्तावेजों के आधार पर पवन कुमार से संपर्क किया और उन्हें पुलिस चौकी बुलाया। औपचारिक जांच के बाद पुलिस ने पर्स उन्हें सौंप दिया।

# बगैर मान्यता प्राप्त विद्यालय में दाखिला न करवाएं अभिभावक

- विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले अनाधिकृत विद्यालयों के प्रति सचेत रहे नागरिक : डीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला शिक्षा अधिकारी सुमित्रा देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रायः देखने में आता है कि जिला में कुछ विद्यालय बिना किसी सरकारी मान्यता के चल रहे होते हैं। विभाग द्वारा ऐसे विद्यालयों का निरीक्षण करके उन्हें नोटिस देने के साथ-साथ ऐसे विद्यालयों का संचालन बंद भी करवाया जाता है। ऐसे विद्यालय न केवल शिक्षा की गुणवत्ता से समझौता करते हैं बल्कि बच्चों के भविष्य को भी गंभीर खतरे में डालते हैं। इन विद्यालयों में पढ़ाई का स्तर संदिग्ध रहता है और वे सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करते। जिससे बच्चों के शैक्षणिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। डीईओ सुमित्रा देवी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अनधिकृत विद्यालयों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और ऐसे विद्यालयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा अभिभावकों से भी अपील की जाती है कि अपने बच्चों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए सतर्क रहें और यह सुनिश्चित करें कि जिस विद्यालय में वे अपने बच्चों का प्रवेश करवा रहे हैं, वह सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हो। जिले के सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों की सूची संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध है। जहां से अभिभावक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और यदि किसी को अनधिकृत विद्यालयों की जानकारी मिलती है, तो वे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को सूचित कर सकते हैं।

# छात्राओं ने देशभक्ति के गीत गाकर समां बांधा

- हिंदू कन्या महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट के सात दिवसीय विशेष शिविर का पांचवां दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। वृद्धाश्रम का दौरा करते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

हिंदू कन्या महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन का संचालन एनएसएस प्रभारी डा. अंशु द्वारा कॉलेज प्राचार्या डा. पूनम मोर की अध्यक्षता में करवाया गया। योगाभ्यास के सत्र के पश्चात स्वयंसेवकों को ईक्कस गांव में जनसेवा संस्थान रोहतक शाखा जींद वृद्धाश्रम का दौरा किया। छात्राओं ने वहां पहुंच कर वृद्धजन के साथ संवाद किया और उनके साथ भावनात्मक रूप से जुडऩे का प्रयास किया। छात्राओं ने उनसे उनकी प्रतिदिन की दिनचर्या पूछी और उनको समझने का प्रयास किया एवं अकेलेपन को दूर करने का एक छोटा सा प्रयास किया। अगले सत्र में एचआईवी एड्स एवं टीबी जैसी बीमारियों के प्रति स्वयंसेवकों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक व्याख्यान का आयोजन करवाया गया। मुख्य वक्ता के रूप में कोमल एवं नरेश जो टीबी विभाग सिविल अस्पताल के संयोजक हैं ने शिरकत की ओर छात्राओं को टीबी के कारण, लक्षण और बचाव के बारे में बताया।

#### अनुभव सांझा किए

सतीश देशवाल ने छात्राओं को विस्तार में एचआईवी एड्स लाइलाज बीमारी से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि इलाज से बेहतर रोकथाम हैं। इसके अगले सत्र में विश्वविद्यालय स्तरीय एनएसएस कैंप में भाग लेने वाली छात्राओं ने अपने अनुभव सांझा किये और कुछ नई जानकारी सांझा की। इसके बाद बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर छात्राओं ने चर्चा की। संध्या सत्र में छात्राओं ने देशभक्ति के गीत गाकर समां बांधा।



जींद। बैठक में भाग लेते हकम पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

#### सर्वसम्मति से अशोक महासचिव नियुक्त

**जींद।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ की केंद्रीय कार्यकारिणी और संबंधित विभागीय यूनियनों की बैठक मंगलवार को यूनियन कार्यालय जींद डिपो में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कार्यकारी प्रधान निशान सिंह ने की। जिसमें केंद्रीय कार्यकारिणी के पदाधिरियों और विभागीय यूनियन पदाधिकारियों ने सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध दर्ज करवाया गया। सरकार द्वारा विभागों में निजीकरण की व्यवस्था को बढ़ावा देना, कर्मचारियों की मांगों को पूरा न करने से कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। आने वाली 11 अप्रैल को केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे श्रम कानूनों के विरोध में दिल्ली में प्रस्तावित संसद मार्च के लिए बढ़ चढ़कर भाग लेने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त सभी पदाधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से अशोक शर्मा को कार्यकारी प्रांतीय महासचिव और नरेंद्र धीमान को वरिष्ठ उप प्रधान बनाया गया।

# बुखार आने पर रक्त की करवाएं जांच

- मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए पानी एकत्रित न होने दें : सुशील शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। रक्त के सैंपल लेते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत गांव ढांडाखेड़ी में एमपीएचडब्ल्यू सुशील शर्मा द्वारा गांव में मलेरिया से बचाव बारे जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान टंकी, होदी, फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट ट्रे, गमलों, ड्रम आदि में लार्वा की जांच की गई व मलेरिया, डेंगू, बुखार के कारण, लक्षण, बचाव बारे जागरूक किया। सुशील शर्मा ने मलेरिया बुखार के लक्षण बताते हुए कहा कि इसमे कंपकपी के साथ बुखार आता है और पसीना आकर बुखार उतर जाता है, इसके अलावा सिर दर्द, उल्टी व दस्त, चक्कर आना, जी मचलना व पूरे शरीर मे थकावट होती है। बचाव के तरीके बताते कहा कि आसपास पानी न खड़ा होने दें। अगर पानी खड़ा है तो उसमें काला तेल डाल दें, कूलर का पानी सप्ताह में एक बार अवश्य बदल दें। मच्छरदानी लगाकर सोएं और ध्यान रखें कि उस पर मच्छर मारने वाली दवा लगी हो व उसमें कोई छेद न हो और वह कहीं से फटी न हो तथा वह अच्छी तरह लगी हो ताकि मच्छर अंदर न आएं। घर के अंदर मच्छर मारनेवाली दवा छिड़कें, घर के दरवाजों और खिड़कियों पर जाली लगाएं, पानी के बर्तनों को ढक कर रखें।



जींद। छात्रों को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो :हरिभूमि

#### शिक्षा के साथ नई तकनीक दक्षता आवश्यक

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय के युवा भूगोल क्लब के तत्वावधान में विस्तार व्याख्यान करवाया गया। जिसके तहत स्काईलाइन इंस्टीट्यूट रोहतक से अजय देशवाल एवं हिमांशी बत्तरा द्वारा आपदा प्रबंधन में भूसूचना विज्ञान प्रौद्योगिकी का उपयोग पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया। उन्होंने कहा कि आज के इस युग में भूगोल में नई तकनीक के द्वारा आपदा प्रबंधन को प्रभावी तरीके से कैसे इस्तेमाल किया जा सकता है। आज के इस युग में अलग-अलग क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में रोजगार तभी प्राप्त किया जा सकता है, जब शिक्षा के साथ-साथ नई तकनीक दक्षता भी सीख ली जाए और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी इसी को ध्यान में रख कर बनाई गई है।

### 27 लाख से बनेगा धर्मकांटा, किसानों, आढ़तियों की मांग पूरी

# छात्तर सब यार्ड में धर्मकांटा लगने को मिली अप्रूवल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



छात्तर के सब यार्ड में मार्केटिंग बोर्ड द्वारा धर्मकांटा लगाया जाएगा। धर्मकांटा को लेकर अप्रूवल मिल गई है। 27 लाख रुपये की लागत इस पर खर्च होगी। जल्द धर्मकांटा लगाने को लेकर टेंडर लगाया जाएगा। किसानों, आढ़तियों द्वारा काफी लंबे समय से सब यार्ड बनने के बाद ही धर्मकांटा लगाने की मांग की जाती रही है। धर्मकांटा यहां नहीं होने के चलते किसानों को कई किलोमीटर दूर जाकर गेहूं की ट्राली का वजन करवाना पड़ता है। सब यार्ड में धर्मकांटा होने से किसानों को कई किलोमीटर दूर का चक्कर नहीं काटना पड़ेगा। सीजन में छात्तर के अलावा कुचराना खुर्द, कुचराना कलां, डाहोला, थुआ, मांडी, गुरूकुल खेड़ा सहित आसपास के गांव के किसान अपनी फसल लेकर आते है। गेहूं के साथ-साथ धान के सीजन में भी पीआर धान की खरीद सब यार्ड में होती है। सब यार्ड आढ़ती एसोसिएशन पूर्व प्रधान ओमदत्त शर्मा ने बताया कि बीते दिनों उचाना से विधायक विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से मिलकर धर्मकांटा लगाने की मांग की थी। विधायक द्वारा तुरंत प्रभाव से मार्केटिंग बोर्ड के मुख्य प्रशासक से इसको लेकर बात की। अब धर्मकांटा लगने को लेकर अप्रूवल मिल चुकी है। किसानों के साथ-साथ आढ़तियों को फायदा धर्मकांटा लगने से होगा। सब यार्ड से कई किलोमीटर दूर जाकर किसानों को गेहूं की लोडिंग, अनलोडिंग ट्राली का वजन करवाना पड़ता है।

#### हैफेड को 57 किसानों ने बेची सरसो

गत 15 मार्च से सरसों की सरकारी खरीद हैफेड द्वारा की जा रही है। अब तक 57 किसानों ने हैफेड को 800 क्विंटल सरसों बेची है। कपास मंडी में शैड के नीचे सरसों की सरकारी खरीद चल रही है। हैफेड मैनेजर सुनीता देवी ने बताया कि सरकार के मापदंडों पर खरी उतरने वाली सरसों की फसल को खरीदा जा रहा है। आठ प्रतिशत तक नमी सरसों में होनी चाहिए। किसानों को चाहिए कि वो साफ, सुखी सरसों लेकर आए ताकि उनकी सरसों की फसल को मंडी में आते ही खरीदा जा सकें। जिस किसान की फसल वेरीफाइड होगी उसी को खरीदा जाएगा। 5950 रुपये प्रति क्विंटल भाव सरसों की फसल के इस बार तय किए गए है।



जींद। चुनी गई कार्यकारिणी सदस्य। फोटो :हरिभूमि

#### एबीवीपी ईकाई अध्यक्ष के लिए राहुल मनोनित

**जींद।** सीआरएस विश्वविद्यालय में अखिल विद्यार्थी परिषद द्वारा जींद यूनिवर्सिटी ईकाई घोषणा की गई। जिसमें 79 विद्यार्थी को विभिन्न दायित्व सौंपे गए। अध्यक्ष के लिए राहुल, मंत्री के लिए एनी कुंडू, उपाध्यक्ष दीपक, राखी, मनीष, नकुल, इशू, दीपक, राहुल को जिम्मेवारी दी गई। अध्यक्ष राहुल ने बताया कि एबीवीपी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच राष्ट्रवाद, भारतीय संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देना है। इसके बाद एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कुलसचिव से मुलाकात की और मांग की कि यूनिवर्सिटी की फीस अन्य यूनिवर्सिटी, कॉलेज से बहुत ज्यादा है। जिसे कम किया जाए। यूनिवर्सिटी में विद्यार्थियों के लिए भी एसी लगवाए जाएं। यूनिवर्सिटी प्रशासन परीक्षा विभाग में सुधार करें। पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर पक कार्ड बनवाए जाएं।

**खबर संक्षेप**

### पाई व डीग में रखे जाएंगे सफाई कर्मचारी

**कैथल** । जिला परिषद की डिप्टी सीईओ रितू लाठर ने बताया कि ग्राम पंचायत टयोंठा, पाई व डीग में सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति करने को लेकर ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। जिसके तहत सात अप्रैल से नौ अप्रैल तक सुबह नौ बजे से सायं पांच बजे तक सफाई कर्मचारी नियुक्ति हेतू खंड कार्यालय में आवेदन लिए जाएंगे। जिसके बाद 15 अप्रैल को सुबह 10 बजे प्राप्त आवेदन अनुसार खंड कार्यालय में ही साक्षात्कार लिया जाएगा। उन्होंने तीनों ग्राम पंचायतों को निर्देश दिए कि वे इस बारे में गांव में मुनियादी करवाएं।

### वरदान साबित हो रही दयालु योजनाः प्रीति

**कैथल**। डीसी प्रीति ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) अंत्योदय परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत एक लाख 80 हजार सालाना आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या स्थाई दिव्यांगता पर आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत विभिन्न श्रेणी में एक लाख रुपये से लेकर पांच लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। डीसी प्रीति ने बताया कि इस योजना के तहत मृतक व्यक्ति की 6 से 60 वर्ष तक होनी चाहिए।

### ट्रैफिक नियमों की पालना का आह्वान

**कैथल** । समाज को विभिन्न मुद्दों पर एसपी राजेश कालिया के आदेशानुसार जागरूक करने के लिए चलाई जा रही मुहिम तहत थाना सीवन एसएचओ एसआई कुलदीप सिंह व महिला थाना एसएचओ एसआई वीना की टीम द्वारा सीवन स्कूल में विद्यार्थियों को महिला विरुद्ध अपराधों बारे, ट्रैफिक नियमों की पालना करने बारे, गुड टच बेड टच, डायल 112, नशा ना करने बारे व साइबर क्राइम बारे जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा बच्चों को बताया कि ट्रैफिक नियमों की पालना ना करने कारण कई बार बड़े हादसे हो जाते है, इसलिए सभी को ट्रैफिक नियमों की पालना करनी चाहिए।

### करियर काउंसलिंग के महत्व के बारे में बताया

**कैथल** । डॉ भीम राव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय जगदीशपुरा कैथल में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दूसरे दिन के चरण में पहले स्तर में चित्रकला और स्लोगन राइटिंग का आयोजन किया गया। इसमें विषय वित्तीय साक्षात अभियान, स्वावलंबी भारत अभियान आदि विषय शामिल किए गए जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने बढ़चढ़ भाग लिया और अपने विचारों को प्रस्तुत किया। शिविर में छात्रों ने अपनी रुचि और उत्साह का परिचय दिया और सामाजिक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के बारे मे बता कर स्वयंसेवकों को संबोधित किया।

### नई संशोधित मतदाता सूची की जाएगी तैयार

**कैथल**। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रीति ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव के मद्देनजर जिले के सभी सात खंडों में गांव नई संशोधित मतदाता सूचियां तैयार की जानी है। इसको लेकर सभी खंड पंचायत एवं पंचायत अधिकारी-कम-खंड चुनाव अधिकारी संबंधित गांव में मुनियादी करवाएं। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार 25 मार्च से 5 अप्रैल तक विधानसभा की वर्तमान वोटर लिस्ट को हर एक गांव के वार्ड अनुसार भिजवाया जाएगा। 11 अप्रैल को वार्ड अनुसार हर एक गांव की वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट बूथ पर भिजवा जाएगा।

### महिला लापता, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**कैथल**। जिले में चार अलग-अलग जगहों से चार महिलाएं लापता हो गई। इस मामले में संबंधित थाना में परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। पहले मामले में पूंडरी थाना क्षेत्र से एक युवती लापता हो गई। इस मामले में पूंडरी थाना में दी गई शिकायत में एक गांव निवासी महिला ने बताया कि 25 को सो रही अपनी बेटी को उठाने के लिए दूसरे कमरे में पहुंची थी, लेकिन वह उस समय वहां नहीं मिली। बेटी की काफी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिली।

## डीसी ने कलायत सहित कई गांवों का किया दौरा

# फसलों की गिरदावरी की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश

■ कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


**कैथल**। डीसी प्रीति फसल की गिरदावरी की जांच करते हुए ।

डीसी प्रीति ने मंगलवार को जिले में विभिन्न स्थानों पर खेतों में पहुंचकर पटवारियों द्वारा की गई रबी की फसल गिरदावरी की जांच की और राजस्व विभाग के अधिकारियों को फसलों की गिरदावरी की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। डीसी प्रीति मंगलवार सुबह सबसे पहले गांव गोबिंदपुरा रकबा में पहुंचीं। जहां उन्होंने मुख्य रास्ते से आगे जाकर फसलों की पटवारी द्वारा की गई गिरदावरी की जांच की। यहां गेहूं, मटर सहित हरे चारे की फसलें उगाई गई थीं। जो रिकॉर्ड में सही पाई गईं। इसके बाद डीसी ने गांव पीड़ल में पहुंच कर फसल की गिरदावरी का मौके व पटवारी के रिकॉर्ड में मिलान कर जांच की। जो सही पाया गया। यहां गांव के सरपंच सहित मौजिज लोगों से डीसी ने गांव की सार्वजनिक समस्याओं को लेकर भी बातचीत की। इसके बाद डीसी गांव तितरम रकबा में पहुंचीं। जहां उन्होंने खेत में उगाई गई फसल अनुसार रिकॉर्ड में देखकर गिरदावरी की जांच की। इसके बाद डीसी ने गांव चंदाना रकबा में पहुंच कर औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने एक एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल के लिए पटवारी से रिकॉर्ड में दर्ज फसल का विवरण पूछा। जो सही पाया गया। इसके बाद डीसी ने कलायत व क्षेत्र के गांव पिंजूपुरा में भी इसी प्रकार से फसल की गिरदावरी की जांच की। जो सही पाई गई।

**समय पर पूरा करें**

डीसी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में गिरदावरी की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करते हुए रिपोर्ट भेजें। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मौके पर लगाई गई फसल का किला नंबर से मिलान देखा और संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि गिरदावरी संबंधी कार्य समय पर पूरा करें और गिरदावरी दर्ज करने के कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए।


**कैथल**। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह रबी सीजन को लेकर मंडी का दौरा करते।

## एसडीएम ने गुहला अनाज मंडी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने आगामी रबी सीजन को लेकर चीका अनाज मंडी का दौरा किया और तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में समय रहते सभी व्यवस्थाएं पूरी कर लें, ताकि किसानों को फसल बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मंडी से लगती सभी सड़कों का दुरूस्तीकरण किया जाए ताकि किसानों को आवागमन में दिक्कत न आए। उन्होंने मंडी सचिव को निर्देश दिए कि मंडी में सीजन के दौरान सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे पेयजल, शौचालय, बिजली आपूर्ति आदि उपलब्ध हों। इस अवसर पर उन्होंने मिलर्स एसोसिएशन, मंडी एसोसिएशन तथा मार्किट कमेटी के अधिकारियों व कर्मचारियों से भी बातचीत की। उन्होंने सभी खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की फसल को निर्धारित एमएसपी पर खरीदी जाए। यदि कोई भी खरीद केंद्रों के अलावा प्राईवेट स्थानों पर फसल डालेगा तो उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सभी सरकार के नियमों की दृढ़ता से पालना करें। मार्किट कमेटी सचिव सतबीर राविश, रोहताश, सुरेश, राजकुमार व महावीर आदि मौजूद रहे।

### जबरन शादी का आरोप पुलिस ने किया केस दर्ज

**कैथल**। पुंडरी पुलिस ने एक किशोरी की जबरन शादी करवाने का मामला प्रकाश में आया है। बाद में मामला सामने आने पर जिला बाल कल्याण समिति की टीम द्वारा युवती को अपने संरक्षण में ले लिया तथा मायके व ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में जिला बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी कैथल सुनीता ने पूंडरी पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया था कि उनके पास गांव पूंडरी खंड के एक गांव की साढ़े 16 साल की किशोरी का फोन आया था जिसमें किशोरी ने आरोप लगाया था कि उसके परिजनों द्वारा मिलकर फरवरी 2025 में गांव जींद के गांव खोखरी के युवक के साथ उसकी जबरन शादी करवा दी। इस बारे जैसे ही मामला जिला बाल कल्याण समिति के संज्ञान में आया तो तुरंत बालिका को अपने संरक्षण में ले लिया। जांच में पाया गया की दोनों पक्षों की ओर से किशोरी की जबरन शादी करवाई गई थी। जांच अधिकारी एएसआई मनीता देवी ने बताया कि पुलिस ने मामले में किशोरी के पति अजय निवासी गांव खोखरी जिला जींद, अंकित, सीमा के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## मेहनत और समर्पण से ही जीवन में मिलेगी सफलताः प्रधानाचार्य

■ आदर्श विद्यालय जाखौली में टैलेंट हंट लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद


**राजौंद**। गांव जखोली के आदर्श स्कूल में प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थी व अन्य।

आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली में टैलेंट हंट लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। विद्यालय प्रधानाचार्य ओपी शर्मा ने परीक्षा परिणाम की घोषणा करते सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ओपी शर्मा ने कहा कि यह परीक्षा विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर देने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। सफल छात्रों को प्रोत्साहित करते कहा कि मेहनत और समर्पण से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। विद्यालय प्रबंधन समिति ने भी सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें आगे भी इसी तरह परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय में सम्मानित किया जाएगा।

### खेतों से ट्रांसफार्मर का सामान चोरी, केस दर्ज

**कैथल** । गुहला क्षेत्र से चोरों ने दो जगहों से खेतों से ट्रांसफार्मर का सामान चुराया। दोनों मामलों में संबंधित थाना में केस दर्ज कर लिया है। पहले मामले में गुहला थाना में दी गई शिकायत में गुहला डिविजन के एसडीओ राहुल यादव ने बताया कि 18 मार्च को दाबा गांव में लखवीर सिंह के खेतों से चोर ट्रांसफार्मर का सामान चुरा ले गए। इसकी कीमत करीब 93 हजार रुपये की है। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में गुहला थाना में दी गई शिकायत में गुहला डिविजन के एसडीओ राहुल यादव ने बताया कि 18 मार्च को चाणचक गांव में राम सिंह के खेतों से चोर ट्रांसफार्मर का सामान चुरा ले गए। गुहला थाना प्रभारी सुरेश ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ओएसडीएवी स्कूल में 77 कुंडीय हवन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


**कैथल**। हवन में आहुते विद्यार्थी तथा अन्य

ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आर्य समाज एवं डी.ए.वी प्रबंधकर्त्री समिति के प्रधान पद्मश्री डॉ.पूनम सूरी के 77वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में शुभकामना के रूप में 77 कुंडीय यज्ञ का शुभायोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ द्वारा यज्ञ में प्रथमाहुति अर्पित करके किया गया। इस भव्य आयोजन में कक्षा पांचवी से बारहवीं के विद्यार्थी यजमान के रूप में शामिल हुए जिन्होंने मुख्य हवन कुंड से उच्चारित हो रहे वैदिक मंत्रों को ध्यानपूर्वक सुनकर सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्ण की। इस प्रकार सभी विद्यार्थियों ने अपने-अपने हवन कुंडों में यज्ञ प्रक्रिया का सुसंचालन करके अपनी यज्ञप्रवीणता का कुशलतापूर्वक परिचय दिया। प्रधानाचार्या ने पूनम सूरी के बारे में बताते हुए कहा कि वे सादा जीवन उच्च विचार की मिसाल है। डीएवी संस्था को बुलंदियों तक ले जाने में पूनम सूरी का बहुत महत्त्वपूर्ण योगदान है।

## लंबित मामलों का समाधान करने के लिए बैठक आयोजित की जा रही : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रीति ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों (एसी) में मतदान केंद्र स्तर पर लंबित किसी भी मुद्दे का समाधान करने के लिए सर्वदलीय बैठकें आयोजित की जा रही है। जिला स्तर पर ऐसी बैठकों का आयोजन करने तथा लंबित मुद्दों का समाधान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960, निर्वाचनों का संचालन नियम 1961 में निर्धारित कानूनी ढांचे और आयोग द्वारा समय-समय पर जारी मैनुअल, दिशा-निर्देशों और अनुदेशों के भीतर करने का निर्देश दिया गया है। राष्ट्रीय/राज्यीय राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी के साथ ये बैठकें पहले ही शुरू हो चुकी हैं। ऐसी सभी बैठकें प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 31 मार्च तक पूरी कर ली जाएंगी। बताया कि यह कदम आयोग द्वारा 4 मार्च, को आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में आयोजित सभी राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों के सीईओ और प्रत्येक राज्य से एक डीईओ और ईआरओ की भागीदारी वाले सम्मेलन के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में तथा निर्वाचन आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधु और डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में दिए गए निर्देशों के अनुरूप है।

## विहिप प्रखंड इकाई का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद


**राजौंद**। प्रखंड इकाई बैठक में मौजूद विहिप कार्यकर्ता।

विश्व हिंदू परिषद की और से राजौंद प्रखंड की बैठक का आयोजन किया गया। जिला उपाध्यक्ष बीरभान निर्मल व जिला सह मंत्री निशीकांत शर्मा ने बैठक में मौजूद सदस्यों का मार्गदर्शन किया। बैठक के मुख्य विषय राजौंद प्रखंड इकाई का गठन, समिति का विस्तार करना, भारतीय नववर्ष, रामनवमी आदि रहे। भारतीय नववर्ष के विषय में चर्चा करते हुए निर्मल ने बताया कि भारतीय नववर्ष पर मौसम में परिवर्तन आता है और त्योहारों का आगमन होता है। भारतीय परंपरा के अनुसार चैत्र प्रतिपदा को नया साल मनाया जाता है। इस दिन नवरात्रे भी शुरू होते हैं। दूसरा रामनवमी के अवसर पर प्रभु श्रीराम जी की पूजा अर्चना करते हुए हर घर और पूजा स्थल को सजाया जा सकता है। मिष्ठान बांटा जा सकता है। इस दौरान किसी भी बस्ती में भगवान राम के जीवन आदर्शों को लेकर कोई प्रवचन करवाया जा सकता है। जिला सहमंत्री निशीकांत शर्मा ने कहा कि परिषद को मजबूत करने के लिए सबसे पहले प्रखंड इकाईयों का गठन और उसका विस्तार जरूरी है। यदि समिति मजबूत होगी तो हम कोई भी कार्य निर्विघ्न पूरा कर सकते हैं।


**कैथल**। विद्यार्थियों को संबोधित करते पुलिस अधिकारी

### समाज को नशा मुक्त बनाने में प्रत्येक नागरिक निभाएं अपना कर्तव्यः राजेश कालिया

**कैथल**। पुलिस की जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर रामलाल, ए.एस.आई ओमप्रकाश, एचसी सुनील व होमगार्ड शमशेर सिंह की टीम द्वारा सदरहेड़ी, बलबेहड़ा, चीका, सैर, हरिगढ़ किंगन, पीडल व अन्य स्थानों पर महिलाओं, बच्चों सहित अन्य व्यक्तियों को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है।एसपी राजेश कालिया ने कहा कि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा आमजन को बताया जा रहा है कि नशा समाज का दुश्मन है, इसलिए समाज से नशे को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए सभी ग्राम पंचायतें, सामाजिक संस्थाएं तथा युवा क्लब अपनी अग्रणी भूमिका निभाएं ताकि समाज को पूरी तरह से नशा मुक्त किया जा सके। प्रत्येक व्यक्ति पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई जा रही नशा मुक्त समाज मुहिम में अहम योगदान देकर इसे जन आंदोलन का रूप देने में सहयोग करें। कैथल पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा नशा तस्करों पर दिन प्रतिदिन प्रहार कर रही हैं।

## विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक उत्सव में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


**कैथल**। विद्यार्थियों को सम्मानित करते अधिकारी

एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय कैथल के छात्रों ने आईजी कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के सांस्कृतिक उत्सव में प्रतिभागी छात्रा कशिश ने सोलो डांस में दूसरा स्थान और संस्कृत क्विज में प्रतिभागी निर्मल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

छात्रों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विश्वविद्यालय चेयरमैन संदीप चहल ने पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि हमारे छात्रों की लगन, प्रतिभा और कड़ी मेहनत का प्रमाण है। छात्रों की उपलब्धि पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया और शिक्षको को विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉक्टर मनोज कुमार, डॉ एकता चहल, दाखिला निदेशक राजेंद्र गोयत, डॉ सुमन भुक्कल,डॉ नरेंद्र कुमार, आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## डॉ. पूनम के जन्मदिवस पर किया यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

डीएवी कॉलेज पूंडरी में डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी व डीएवी कॉलेज के संयुक्त तत्वधान में आर्यरत्न डॉ. पूनम सूरी के 77 वें जन्मदिवस के अवसर पर 77 कुंडीय हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। एसके शर्मा महामंत्री, आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। शतं जीव शरदो वर्धमानः शतं हेमंताइछतमु वसन्तान। शतमिन्द्राग्नी सविता बृहस्पतिः शतायुषा हविषेमं पुनर्दुः के महामंत्र के साथ प्रधान डॉ. पूनम सूरी की दीघार्यु की कामना की। प्राचार्य डॉ. सुभाष तंवर ने मुख्य अतिथि का स्वागत शाल तथा स्मृति चिन्ह देकर किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में आर्य समाज के भारत के इतिहास में किए गए योगदान पर प्रकाश डाला। कहा कि आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानन्द सरस्वती जी के बताए मार्ग पर चलकर साधारण व्यक्ति भी उत्तम व्यक्ति के रूप में स्थापित हो सकता है। प्राचार्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह जन्मदिन एक व्यक्ति का जन्मदिन नही है बल्कि एक विचारधारा का जन्मदिवस है। उन्होंने कहा कि डॉ. पूनम सूरी जी की आर्य समाज और उसके सामाजिक सुधार तथा राष्ट्रीय उत्थान कार्यक्रमों के प्रति उनकी गहरी चिंता है।

**कार्यक्रम** विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धियों का उत्साहपूर्वक जश्न मनाया

# एमडीएन ग्लोबल स्कूल में वार्षिक परिणाम घोषित

■ द राईजिंग टू न्यू हाईट्स 2024-25 का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


**कैथल**। एमडीएन ग्लोबल के अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते पदाधिकारी

एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल में वार्षिक परीक्षा परिणाम आरोहण - द राईजिंग टू न्यू हाईट्स 2024-25 का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. विनोद कुमार (निदेशक), निधि कंसल (चेयरपर्सन), गौरव गर्ग (प्रबंधक) एवं प्राचार्य डॉ. संत कौशिक द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर नर्सरी से कक्षा 9वीं और 11वीं तक के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धियों का उत्साहपूर्वक जश्न मनाया और अभिभावकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय के प्रथम पांच श्रेष्ठ विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया, जबकि किसी भी विषय में 100 अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को निदेशक डॉ. विनोद द्वारा विशेष डायरेक्टर वॉच प्रदान की गई, जिससे मेधावी छात्रों को और अधिक प्रोत्साहन मिले। इसके अलावा, सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ह्यस्टार अवार्ड देकर उनके बहुमुखी विकास को मान्यता दी गई। अवसर पर निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह दिन केवल परीक्षा परिणामों का नहीं, बल्कि मेहनत, अनुशासन और समर्पण के प्रतिफल का उत्सव है। उन्होंने विद्यार्थियों को नए सत्र में और अधिक ऊंचाइयों को छूने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. संत कौशिक ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं दीं और शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का मंच है। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे बच्चों को सकारात्मक वातावरण दें ताकि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम का समापन उल्लास, गर्व और नए सत्र के लिए नव उत्साह और संकल्प के साथ हुआ, जहां सभी ने आने वाले वर्ष को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

**नाम परिवर्तन**

मैं, कमला शाहसरोहा पत्नी सतपाल शाहसरोहा निवासी मकान नंबर 182, वशिष्ठ कालोनी थानेसर जिला कुरूक्षेत्र हरियाणा अपना नाम कमला शाहसरोहा से बदलकर कमला रख रही हूं। भविष्य में मुझे कमला के नाम से जाना व पहचाना जाए। सभी संबंधित नोट करें।

**राजीव गांधी राजकीय बहुतकनीकी नरवाना**

दूरभाष न० :- 01684-242159, वेबसाईटः- www.gpnarwana.ac.in

**अस्थाई चाय की दुकान के लिए आवेदन**

संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध संस्थान द्वारा निर्धारित नियमों और शर्तों के अनुसार संस्थान के लिए अस्थाई चाय की दुकान चलाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इसके लिए आवेदन पत्र संस्थान कार्यालय से 50 रुपये का भुगतान करके प्राप्त किया जा सकता है। प्राचार्य कार्यालय में सीलबंद आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 27.03.2025 दोपहर 12:00 बजे से पहले है। सील्ड आवेदन पत्र आवेदकों की उपस्थिती में समिति द्वारा दिनांक 27.03.2025 को दोपहर 03:00 बजे आवंटन हेतु खोले जाएंगे।

हस्ता/- प्रधानाचार्य
राजीव गांधी राजकीय बहुतकनीकी नरवाना

## खबर संक्षेप



सीवन। सीवन में आयोजित बैठक में बोलते खंड शिक्षा अधिकारी

### प्रवेश उत्सव कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित

**सीवन।** सरकारी स्कूलों में दाखिला बढ़ाने को लेकर प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के तहत खंड शिक्षा कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी सीवन सुरेश कैंदल ने की। बैठक में सभी कलस्टर मुखिया व डी.डी.ओ. और बीआरपी, एबीआरसी ने भाग लिया। बैठक में सभी मुख़ियों को सत्र 2025-26 में स्कूलों में छात्र संख्या बढ़ाने हेतु कलस्टर बैठक आयोजित करना, सर्वे, रैली, विज्ञापन, एस.एम.सी व पीटीएम करके व अभिभावकों से सम्पर्क कर सरकारी स्कूलों में सभी सुविधाओं का प्रचार प्रसार करने बारे जानकारी दी गई। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि इस कार्य के लिए सभी का सहयोग जरुरी है।

### ड्रोन पायलट प्रशिक्षण के लिए 27 मार्च तक

**जींद।** सहायक कृषि अभियंता विजय कुमार ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा ड्रोन पायलट प्रशिक्षण के लिए 27 जनवरी से 10 फरवरी तक पर आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिन किसानों ने ड्रोन पायलट प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन किए हैं, वह किसान अपने दस्तावेज, जिनमें परिवार पहचान पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र रखे।

### भारी पुलिसबल के साथ निगम ने की अवैध निर्माणों पर कार्रवाई

# नया बस स्टैंड के पास अवैध कॉलोनी में निर्माणों पर चला डीटीपी का पीला पंजा

### सफीदों रोड जलेबी चौक के पास भी निर्माणों को गिराने का काम किया

- कार्रवाई के विरोध में उतरे लोग, भारी पुलिसबल को देख नही कर सके विरोध
- विरोध कर रहे लोगों ने कहा : खून पसीने की कमाई को क्यों कर रहे हो बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नए बस अड्डे के साइड में अवैध रूप से विकसित की जा रही कालोनी में किए गए अवैध निर्माणों पर मंगलवार को एक बार फिर से जिला नगर योजनाकार विभाग ने कार्रवाई करते हुए ढहाना शुरू किया। हालांकि डीटीपी की कार्रवाई का कुछ लोगों ने विरोध भी किया लेकिन भारी संख्या में पुलिसबल की तैनाती के चलते लोग ज्यादा देर टिक नही सके। डयूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर नायब तहसीलदार बलराज जाखड़ मौजूद रहे। कार्रवाई का नेतृत्व खुद जिला नगर योजनाकार अंजू जून ने किया। हालातों को देखते हुए पहले ही पुलिसबल को तेनात किया गया था। डीटीपी अमले द्वारा यहां बनाए गए चार निर्माणों, स्ट्रक्चर, रोड नेटवर्क को उखाडने का काम किया। गुस्साए लोगों ने डीटीपी विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि एक साल से यहां निर्माण कार्य चले हुए हैं लेकिन तब इन्हें रोकने का काम नही किया गया। अब जब निर्माण कार्य पूरे हो चुके हैं तो डीटीपी विभाग कार्रवाई कर रहा है। वहीं डीटीपी ने कहा कि अवैध निर्माण करने से पहले लोगों को नोटिस दिए गए थे।





जींद। अवैध निर्माणों को जेसीबी की सहायता से ढहाते हुए।

#### कई स्थानों पर कृषि जमीन पर निर्माण

गौरतलब है कि जिलाभर में कई स्थानों पर सड़कों के साथ कृषि योग्य जमीन पर अवैध रूप से निर्माण किए गए हैं और अवैध रूप से कालोनियां काटी गई हैं। नियमानुसार कृषि योग्य जमीन को रिहायश में बदलने के लिए जिला नगर योजनाकार से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना जरूरी है। जिसके लिए सरकार द्वारा गाइड लाइन भी जारी की हुई है। बावजूद इसके नियमों को ताक में रखकर धड़ल्ले से अवैध रूप से निर्माण किए जा रहे हैं। बाकायदा समय-समय पर डीटीपी विभाग द्वारा लगातार किल्ला नंबर खसरा नंबर भी जारी किए जा रहे हैं।

#### कार्रवाई से पहले दिया था नोटिस

*जिला नगर योजनाकार अंजू जून ने बताया कि विभागीय अमले ने नए बस अड्डे के साइड में अवैध रूप से विकसित की जा रही कालोनी में किए गए अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की है। कार्रवाई से पहले अवैध निर्माण करने वालों को नोटिस दिया गया था।*

#### सुबह पहुंचा डीटीपी अमला

मंगलवार को जिला नगर योजनाकार अधिकारी अंजू जून के नेतृत्व में कर्मचारी और पुलिसबल नए बस अड्डे के साइड में सात से आठ एकड़ में विकसित की जा रही कालोनी में पहुंचा। विभागीय अधिकारियों के साथ जेसीबी भी थी। विभाग ने कार्रवाई शुरू की तो इक्का-दुक्का लोगों ने इसका विरोध किया लेकिन पुलिसबल को देख उनकी एक नही चल पाई। कार्रवाई के लिए सिविल लाइन थाना प्रभारी, नायब तहसीलदार भी मौजूद रहे। यहां मौजूद लोगों का कहना था कि बस स्टैंड के पास दो साल से जगह-जगह निर्माण कार्य चले हुए हैं। जिसकी प्रशासन को भनक भी थी। अब निर्माण कार्य पूरे होने को थे और जिला प्रशासन ने कार्रवाई की। पहले भी यहां तानाशाही से निर्माणों को गिराया गया। जिससे लोगों के लाखों रुपये बर्बाद हुए। लोगों ने आरोप लगाया कि प्रशासन के अधिकारियों ने दो साल से इस मार्केट को विकसित होने से क्यों नही रोका और उन्हें नोटिस भी नही दिए। इसके बाद अमले ने सफीदों रोड जलेबी चौक के पास भी निर्माणों को गिराने का काम किया।



जींद। कार्रवाई को अंजाम देने के लिए तैनात पुलिसबल।

#### डीसी ने दिए थे कार्रवाई के निर्देश

गौरतलब है कि उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने जिलाभर में किए जा रहे अवैध निर्माणों पर कार्रवाई को लेकर दिशा-निर्देश दिए हुए हैं। इन्हीं आदेशों पर एक माह पहले भी यहां पीला पंजा चला था। डीसी ने स्पष्ट किया है कि अवैध निर्माण की इजाजत किसी को भी नहीं दी जाएगी। क्योंकि अवैध निर्माण से सरकार को राजस्व का भारी नुकसान होता है। इस मार्केट को विकसित करने के लिए किसी प्रकार की कोई परमिशन नही ली गई है।



जींद। शिविर में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

# एचआईवी एड्स के फैलने के कारण लक्षण उपाय बताए

- नशा मुक्ति शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

राजकीय महाविद्यालय नरवाना में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रैड रिब्बन क्लब एवं रैड क्रास समिति के संयुक्त तत्वावधान में नशा तस्करीए नशा मुक्ति एवं एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें डा सुमन ढुल ने विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स के फैलने के कारणए लक्षणए उपाय एवं उपचार से अवगत कराया । अमर्यादित संबंधए संक्रमित सिरिंजए मां और रक्त से एड्स फैलती है। सभी सरकारी अस्पतालों में एड्स का मुफ्त इलाज किया जाता है और इसकी जानकारी गुप्त रखी जाती है । लिए टोल फ्री नंबर 1097 का प्रयोग करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम संचालक जयपाल सिंह आर्य ने कहा कि युवा पीढ़ी में नशा प्रवृत्ति एक गंभीर सामाजिक एवं स्वास्थ्य समस्या बन गई है। भारत का मानव संसाधन नशे की जड़ में आने से बीमारियों के बढने के कारण सकल घरेलू उत्पाद का अधिकतर उपचार एवं अन्य कार्यों में व्यय हो रहा है। भारत में लगभग तीन करोड़ दस लाख लोग किसी ने किसी नशे से ग्रस्त हैं।

#### नशे से दूर रहे

नशा प्रवृत्ति बच्चों के साथ महिलाओं में भी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। नशा खोरी से समाज में अपराध प्रवृति बढ़ रही है। सड़क दुर्घटनाएंए दुराचारए एवं लड़ाई झगड़े का मूल कारण नशाखोरी है। भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के दिशा निर्देशानुसार सघन अभियान के तहत युवा वर्ग को नशे से बचने के लिए शिक्षालयो में जागृति अभियान चलाया जा रहा है। सरकारी अस्पतालों में नशे का उपचार चिकित्सा पद्धतियों और मनो रोग चिकित्सक द्वारा किया जाता है ।नशा तस्करों के खिलाफ सरकार ने सख्त अभियान चला रखा है। तस्करी को रोकने के लिए फ्री नंबर 905 0891 508 पर इसकी सूचना गुप्त दी जा सकती है।महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को नशा न करने और नशा प्रवृति को रोकने में सहयोग का संकल्प या शपथ दिलवाई गई है।

# स्वच्छता की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

सनातन धर्म महिला महाविद्यालय के में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा चलाए जा रहे सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना के साथ हुई। सामान्य अस्पताल जींद से डॉ सोनिया और काउंसलर नीरज ने स्वयं सेविकाओं को शारीरिक साफ सफाई के बारे में जानकारी दी कि हमें दिन में कम से कम दो बार नहाना चाहिए। आजकल स्केबीज की समस्या स्किन में आम बात हो गई है। यह समस्या छोटे बच्चों और बूढ़े लोगों में ज्यादा होती है। सुबह और रात को सोने से पहले दांतों की सफाई करनी बहुत जरूरी है। शाम को खाने के बाद ब्रश करना दांतों के लिए बहुत ही जरूरी होता है। हमे नियमित व्यायाम करना चाहिए।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए।

24 घंटे में कम से कम 60 मिनट शारीरिक अभ्यास करना जरूरी है। बीमारियों के बारे में उन्होंने बताया कि कुछ बीमारियां एक से दूसरे में फैल जाती है जैसे टी बीए एचआईवी एड्स आदि। डॉ सोनिया ने होम्योपैथी के बारे में जानकारी दी और बताया कि होम्योपैथी के लक्षण को देखकर दवाइयां दी जाती हैं। सर दर्द में भी यह देखा जाएगा कि सर के किस हिस्से में दर्द है। बच्चे कैसे.कैसे रोते हैं उनके रोने की आवाज को सुनकर अलग.अलग तरह की दवाइयां दी जाती हैं। जानकारी देने के पश्चात डॉ सोनिया ने छात्राओं से उनकी समस्याएं पूछी और उनको दवाइयां वितरित की।

बहुत छात्राओं ने डॉ सोनिया से अपनी अपनी बीमारियों की दवाइयां ली। कार्यक्रम के दौरान पूर्व छात्रा आशाए स्वाति व किरण ने भी अपने अनुभव साझा किये। आज के कार्यक्रम का मंच संचालन एन एस एस स्वयंसेवीका मोनिका और श्वेता ने किया।



राजौंद। छात्रों को साइकिल वितरित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### प्रवेश उत्सव की शुरूआत ग्राम सरपंच दीपक राणा ने की

**राजौंद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीर बांगडा में प्रवेश उत्सव की शुरूआत ग्राम सरपंच दीपक राणा के द्वारा की गई । इस दौरान सरपंच द्वारा राजकीय स्कूलों में दाखिला करवाने के लिए प्रेरित किया, साथ ही सरपंच ने वर्ष 2024 25 में अनुसूचित वर्ग के छात्र-छात्राओं को साइकिलो का वितरण किया। इस दौरान विद्यालय प्राचार्य सुरेंद्र कुमार ने सरपंच का विद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर आभार जताया तथा विद्यालय में पिछले वर्ष हुए कार्यकलापों एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी तथा आगे भी विद्यालय के कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए उनका आवाहन किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# छात्राओं को दिया आग से बचाव का प्रशिक्षण

- सीवन के पी.ए. श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रशिक्षण दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

सीवन के पी.ए. श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं को आग से बचाव के लिए प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण जैड किंग समूह कैथल की ओर से आए सतीश कुमार और गुरमीत सिंह के द्वारा दिया गया। उन्होंने बच्चों को बताया कि अचानक से आग लगने पर हम किस प्रकार से बचाव कर सकते हैं। घर में सिलेंडर में आग लगने पर किस प्रकार से उसे बुझाया जा सकता है और किस प्रकार से अधिक नुकसान होने से बचाया जा सकता है। बिजली के उपकरणों से यदि आग लगती है तो उस पर किस प्रकार से काबू पाया जा सकता है इसके बारे में भी छात्राओं को जानकारी दी गई। स्कूल के प्रधानाचार्य धर्मपाल सहारण ने बाहर से आए अतिथियों का धन्यवाद किया और कहा कि इस प्रकार की बहुउपयोगी जानकारी छात्राओं के लिए बहुत लाभदायक साबित होगी। छात्राओं के लिए विशेष प्रशिक्षण करवाये जा रहे हैं।



सीवन। कन्या स्कूल में आयोजित प्रशिक्षण में बोलते मुख्यातिथि।

# पीएम श्री रावमावि बडनपुर में स्वास्थ्य जांच शिविर

- स्वस्थ शरीर में ही एक स्वस्थ दिमाग निवास करता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

प्रिसिपल संजय चौधरी ने बताया कि विद्यालय में तीन दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक उपचार केंद्र डूमरखा तीन डॉक्टरों ने तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रिंसिपल संजय चौधरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि एक स्वस्थ शरीर में ही एक स्वस्थ दिमाग निवास करता है। स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ दिमाग से ही अच्छी शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बच्चों को पौष्टिक खान.पान व शारीरिक स्वच्छता के बारे में बताया। डॉ मनदीप ने बच्चों को बताया कि किस प्रकार से बीमारियों से दूर रहा जा सकता है तथा हमें हर महीने अपना स्वास्थ्य का चेकअप करवाना चाहिए। डॉ मनीष ने बच्चों को बताया की अच्छा खानपानए स्वच्छ वातावरण से अपने आप को स्वस्थ रखा जा सकता है। विद्यार्थियों का ब्लड ग्रुप चेक किया गया। हिमोग्लोबिन चेक किया गया। डेंटल सर्जन ने सब विद्यार्थियों के दांत चेक किए। बच्चों ने पेंटिंग प्रतियोगिता आदि में भाग लिया। समापन समारोह में बोलते हुए डॉक्टर मनीष जी ने कहा की विद्यालय को जब भी स्वास्थ्य कैंप की आवश्यकता होगी। वह एवं उनकी पूरी टीम अपनी सेवाएं देने के लिए तत्पर रहेगी। अंत में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसरपरए प्रिंसिपल संजय चौधरी एमसी के प्रधान नानूरामए सरपंच गगनदीपएपूर्व सरपंच जोगिंदर सिंहए स्वास्थ्य टीम से डॉ मनीषए डॉक्टर मनदीपए सुनील कुमारए रजनीशएवीरेंद्र सिंहएसंदीप कुमार सुमन देवी एवं शिक्षक गण नरेंद्र शर्मा एअरुण वर्माए गुरदेव सिंहए आशा रानी मौजूद रहे।



जींद। स्वास्थ्य जांच करते हुए।

# राजकीय महाविद्यालय राजौंद में डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजकीय महाविद्यालय राजौंद में वाइब्रेंट लर्निंग क्लब, अंग्रेजी विभाग द्वारा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ऑफलाइन बनाम ऑनलाइन कक्षाएं कोचिंग सेंटर बनाम स्व-अध्ययन प्रह्लाद बनाम हिरण्यकश्यप मोबाइल फोन के फायदे और नुकसान विषयों पर तर्क वितर्क हुए। मंच संचालन मीरा और कोमल ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक कुमार, कार्यवाहक प्राचार्य व राम मेहर सिंह क्लब मेंटर एवं अंग्रेजी विभागाध्यक्ष ने की। निर्णायक मंडल में राम मेहर सिंह सहायक प्रोफेसर अंग्रेजी रविंद्र सहायक प्रोफेसर हिंदी एवं सुदेश सहायक प्रोफेसर राजनीति विज्ञान शामिल रहे। दीपक कुमार ने छात्रों के आत्मविश्वास और तर्कशक्ति की सराहना करते हुए उन्हें इसी तरह बौद्धिक प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। वहीं राम मेहर सिंह ने विद्यार्थियों को तार्किक और सृजनात्मक सोच विकसित करने की सलाह दी। इस दौरान विक्रम सहायक प्रोफेसर इतिहास अशोक, प्रदीप निशु, दीपक सोशल मीडिया समन्वयक तरुण प्रवीन हरिपाल एवं राजरानी का विशेष योगदान रहा। प्रतियोगिता में लवनीत-पल्लवी, रितु-ज्योति कनिका-स्नेहा अंजलि-नीतू और पूजा-निशु समूहों ने भाग लिया।



वाद विवाद प्रतियोगिता के दौरान मौजूद।

### बाइक चालक और कार की टक्कर में बाइक चालक घायल

**जुलाना।** राजगढ़ गांव के पास एक कार और बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर में बाइक चालक घायल हो गया। घायल को जुलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गयाए जहां से उसकी गंभीर अवस्था को देखते हुए रोहतक पीजीआई रेफर किया गया। झमोला गांव निवासी पवन कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 मार्च को दोपहर के समय उसके चाचा कृष्ण का लड़का राजीव बाइक पर सवार होकर गांव की तरफ जा रहा था। जब वह गौशाला से थोड़ा आगे पहुंचा तो सामने से आ रही कार के चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें राजीव घायल हो गया। घायल को जुलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। जहां से उसकी गंभीर अवस्था को देखते हुए रोहतक पीजीआई रेफर किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बढ़ रहा रक्तदान, बचेंगी अनमोल जान : बृजेन्द्र सिंह

**जींद।** जैन धर्मार्थ अस्पताल में पूर्व केन्द्रीय मंत्री बीरेन्द्र सिंह के 79वें जन्मदिन पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें 80 लोगों ने रक्तदान करने के लिए पंजीकरण करवाया। इनमें से रक्तकोष की जरूरत अनुसार 45 युवाओं का रक्त लिया गया। शिविर के संयोजक लक्ष्य शर्मा ने बताया कि रक्तदान शिविर में सेवानिवृत आईएएस अधिकारी एवं पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह ने मुख्यातिथि शिरकत कर रिबन काटकर शिविर का शुभारम्भ किया। जबकि देश के एकमात्र राष्ट्रीय युवा अवार्डी दम्पति मंजू शर्मा व सुभाष ढिगाना ने रक्तदान शिविर की अध्यक्षता की। बृजेंद्र सिंह ने कहा कि जींद जिले में अब रक्त की कमी से किसी कि भी जान नहीं जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**कार्यक्रम** मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर वर्ग के हितों को लेकर कार्य कर रही

# 16. 25 लाख रुपये से बने विश्वकर्मा हाल का नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने किया उद्घाटन

### वार्ड-30 में विकास कार्यों को लेकर रुपयों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नगर परिषद के वार्ड नंबर-30 में डोगरा गेट के नजदीक 25 लाख रुपये से बने विश्वकर्मा हाल का उद्घाटन नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने किया। इस दौरान वार्ड पार्षद सोनिया धीमान, पूर्व चेयरमेन यशपाल प्रजापति जी विशेष तौर पर मौजूद रहे । नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि इस वार्ड में पहले भी कई गलियों का निर्माण कार्य किया जा चुका है, अब 25 लाख रुपये से बनकर तैयार हुए हाल का उद्घाटन किया गया है। इस हाल के बनने से वार्ड वासियों को काफी फायदा होगा। दो मंजिला यह हाल बनाया गया है। चेयरपर्सन ने कहा कि वार्ड-30 में विकास कार्यों को लेकर कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस वार्ड सहित शहर के सभी 31 वार्डों में सामान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर वर्ग के हितों को लेकर कार्य कर रही है। कैथल शहर में करोड़ों रुपये से विकास कार्य हो रहे हैं। वार्ड नंबर 30 से पार्षद सोनिया धीमान ने कहा कि नप चेयरपर्सन के समक्ष उन्होंने वार्ड के विकास को लेकर जब भी कोई प्रस्ताव रखा है, उसे बिना देरी के इन्होंने पूरा किया है। इस हाल के निर्माण के साथ-साथ तीन अन्य गलियों के निर्माण को लेकर भी टेंडर लगाया जा चुका है, जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। इस अवसर विकास धीमान, कर्मचंद धीमान, रविंद्र धीमान, कमलजीत, योगेश, राकेश कुमार, कृष्ण लाल, धर्मपाल, कुलदीप, सौरभ, दर्शन, संदीप, गुलशन, बिट्टू मौजूद रहे।



नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग विश्वकर्मा हाल का उद्घाटन करती हुई।